# CBSE Test Paper 03
## संवाद लेखन

1. तीन मित्र जंगल में रास्ता भटक गए हैं। उनके आपस में होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।
2. नौकर और मालिक के मध्य 'वेतन-वृद्धि के लिए हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।
3. दिल्ली में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि से चिंतित दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।
4. एक पड़ोसी, रोज सुबह अखबार माँग कर पढ़ने ले जाते हैं, उनके विषय में पति और पत्नी के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

**CBSE Test Paper 03**

**संवाद लेखन**

## Answer

1. राहुल - श्रवण, मुझे बड़ा डर लग रहा है, कितना भयानक जंगल है।
   श्रवण - डर तो मुझे भी लग रहा है राहुल !
   राहुल - ये मोहित की वजह से हुआ है।
   श्रवण - अरे ! मोहित कहाँ रह गया ? अभी तो यहीं था !
   राहुल - हम कभी घर नहीं पहुँच पाएँगे . . .
   श्रवण - चुप करो ! मोहित ! अरे मोहित !
   मोहित - आ रहा हूँ ! वहीँ रुकना ! पैर में काँटा चुभ गया था !
   राहुल - श्रवण, बचाओं !
   मोहित - डरपोक कहीं का !
   राहुल - तुम आ गए।
   मोहित - हाँ आ गया। एक नंबर के डरपोक हो तुम दोनों।

2. **नौकर -** साहब, आपने पिछले महीने कहा था कि दीपावली पर आप मेरा वेतन बढ़ा देंगे।
   **मालिक -** अरे ! अभी दो महीने पहले ही तो, तुम्हारा वेतन बढ़ाया गया था।
   **नौकर -** हाँ साहब ! लेकिन आप तो जानते ही हैं कि इस महँगाई के ज़माने में इतने कम वेतन में घर चलाना कितना कठिन होता है।
   **मालिक -** जानता हैं, परंतु मैं इतनी जल्दी-जल्दी तुम्हारा वेतन कैसे बढ़ा सकता हूँ? मुझे भी तो अपना घर चलाना होता है।
   **नौकर -** साहब, त्योहार के समय अतिरिक्त खर्चा होता है। इसलिए आपसे निवेदन है कि इस महीने मेरा वेतन बढ़ा दीजिए।
   **मालिक -** हाँ, मैं समझ सकता हूँ। ठीक है इस महीने मैं तुम्हें कुछ अतिरिक्त रुपये दे दूंगा, जिससे तुम्हारा खर्चा चल जाए।
   **नौकर -** बहुत-बहुत धन्यवाद साहब।

3. **कार्तिक -** मनीष! तुम अपनी साइकिल बहुत तेज़ चलाते हो। स्कूल जाते समय तुम्हें साइकिल चलाता हुआ देखकर मुझे डर लगता है।
   **मनीष** - अरे मित्र! इसमें डरने की क्या बात है?
   **कार्तिक** - लगता है आजकल तुम समाचार नहीं देखते या सुनते हो। तुम्हें पता है सुबह के समय ही अधिक दुर्घटनाएँ होती हैं।
   **मनीष** - हाँ मैंने सुना था।
   **कार्तिक** - तेज़ गति से वाहन चलाने और यातायात के नियमों का पालन न करने के कारण अधिक दुर्घटनाएँ होती हैं।

**मनीष** - हाँ मित्र तुम ठीक कहते हो। मुझे भी इस बारे में सतर्क रहना चाहिए।

**कार्तिक** - आगे से इस बात का जरूर ध्यान रखना कि सड़क पर कभी भी तेज़ साइकिल मत चलाना।

**मनीष** - ठीक है मित्र।

4. पति - ज़रा आज का अखबार तो लाना।

   पत्नी - अखबार तो पड़ोसी ले गए।

   पति - आज भी ले गए?

   पत्नी - अखबार तो मैं लाकर दे देती हूँ, पर क्या इस मुसीबत से किसी तरह छुटकारा नहीं मिल सकता?

   पति - हाँ, इसका एक उपाय है। अखबार वाले से कहना कि कल से हमारा अखबार पड़ोसी के घर डाल जाया करे। मैं उसे लेने चला जाया करूँगा। अपना अखबार ले आया करूँगा तथा उनके घर नाश्ता भी कर आया करूँगा।